एक ब्रिस्बेन कई सँस्कृतियाँ

सँस्करण 18: दिसंबर से फरवरी 2019



इस वर्ष के अंत में अवकाशकाल में देखने और करने के लिए और भी बहुत कुछ है

इस वर्ष के अंत में अवकाशकाल में काउंसिल माउंट कूट-था में आपके देखने और प्रतिभाग के लिए गतिविधियाँ प्रस्तुत करके आपकी ब्रिस्बेन जीवनशैली को बेहतर बना रहा है!

हमारे धूप से भरे दिनों का भरपूर मजा उठाने के लिए ब्रिस्बेन बोटैनिक गार्डन्स माउंट कूट-था में स्थित पहाड़ी मार्गों में साइकिल की सवारी करें या जंगल के मार्गों में चलते-फिरते हुए अपना समय बिताएँ। पिकनिक क्षेत्रों में पहुँचने के लिए मार्गों की खोज करें, या आइसक्रीम खाने के लिए सम्मिट लुकआउट तक जाएँ और वहाँ से मनभावन दृश्य देखें।

आप सर थॉमस ब्रिस्बेन प्लेनेटेरियम में जाकर आकाशगंगा के आर-पार एक तारकीय अंतरिक्ष रोमाँच यात्रा भी कर सकते/सकती हैं। कॉस्मिक स्काईडोम में अपनी सीट में आराम से बैठकर सौर-मंडल के आर-पार जाने वाली 'स्पेसफ्लाइट' या शो के लिए ऊपर देखें, या फिर खगोल-विज्ञान और अंतरिक्ष अन्वेषण के बारे में और भी अधिक आकर्षक तथ्यों के बारे में जानकारी पाने के लिए प्रदर्शित की गई वस्तुएँ देखें।

चाहे आप मौज-मस्ती से भरी या फिर कम कीमत वाली गतिविधियों, घटनाओं, त्योहारों या बाज़ारों की खोज में हों, काउंसिल की वेबसाइट अवकाश के लिए विचारों से भरी-पूरी है। वेबसाइट **brisbane.qld.gov.au** देखें।

व्यवसाय छात्रवृत्ति और मार्गदर्शन के अवसरों के लिए आवेदन करें

क्या आप कोई व्यवसाय शुरू करने या उसे बढ़ाने के लिए इच्छुक हैं? लॉर्ड मेयर का बहुसाँस्कृतिक व्यवसाय छात्रवृत्ति कार्यक्रम और मार्गदर्शन योजना साँस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध पृष्ठभूमियों वाले स्थानीय उद्यमियों को समर्थन देने के लिए 50 से भी अधिक स्थान उपलब्ध कराते हैं।

छात्रवृत्तियों में सर्टिफिकेट IV से लेकर स्नातकोत्तर स्तर के विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों तक के प्रशिक्षण कोर्स शामिल हैं, जिनसे महत्वाकाँक्षी व्यावसायिकों को आरंभिक चरणों में अपना व्यवसाय शुरू करने या इसे बढ़ाने के लिए ज्ञान, आत्मविश्वास और कुशलताएँ मिल सकती हैं। अधिकाँश अंशकालिक पाठ्यक्रम तीन से 12 महीनों तक चलते हैं, और ये जुलाई 2019 में शुरू होंगे।

मार्गदर्शन योजना प्राप्तकर्ताओं को स्थानीय, अनुभवी सलाहकारों के साथ जोड़ती है, और वे साथ-मिलकर अनुभवहीन लोगों के छोटे-छोटे समूहों के लिए मासिक कार्यशालाएँ आयोजित करते हैं और फोन व ईमेल के माध्यम से भी समर्थन प्रदान करते हैं।

आवेदन सोमवार 14 जनवरी को खुलेंगे और शुक्रवार 12 अप्रैल को समाप्त होंगे। और अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

लॉर्ड मेयर ग्राहम क्वर्क की ओर से एक संदेश

किंग जॉर्ज स्क्वायर में क्रिसमस ट्री की रोशनियाँ हमारे जीवंत शहर के नि:शुल्क उत्सव महीने की शुरुआत को दर्शाती हैं।

परिवारों के साथ हमेशा लोकप्रिय रहने वाली सिटी हॉल लाइट्स स्पेक्टेक्युलर को नगर के सिटी हॉल पर प्रोजेक्ट करके दिखाया जाएगा (7-24 दिसंबर), और डेविड जोन्स द्वारा क्रिसमस परेड को क्वीन स्ट्रीट मॉल में प्रस्तुत किया जाएगा (14-23 दिसंबर)।

सभी उम्र के लोगों का पसंदीदा एंचान्टेड गार्डन रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड पर वापिस आएगा (7-19 दिसंबर), और साउथ बैंक में क्रिसमस गिफ्ट मार्केट और आउटडोर क्रिसमस सिनेमा (14-23 दिसंबर) सहित अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।

शनिवार 8 दिसंबर को दक्षिण प्रशाँत द्वीपवासी समुदाय के साथ क्रिसमस मनाने के लिए बूँडल में स्थित मलबीम पार्क आएँ, और 9 दिसंबर को सीबीडी में यहूदियों का प्रकाश उत्सव हनुक्का मनाएँ। इस सँस्करण में आपको चंद्र नव वर्ष उत्सव सहित और भी अधिक आयोजन देखने को मिलेंगे।

BRISBANE CITY

Dedicated to a better Brisbane

वर्ष 2019 के लिए ब्रिसएशिया वापिस आ गया है

9 फरवरी से लेकर 3 मार्च तक मौज-मस्ती, भोजन, जश्नों और रंगों से भरे कार्यक्रमों के 23 रोमाँचक दिनों के साथ समकालीन और पारंपरिक एशियाई कलाओं और सँस्कृति का आनंद उठाएँ!

ब्रिसएशिया उत्सव 2019 का लाइन-अप सभी उम्र के लोगों के लिए रोमाँचक जीवन-शैली और अवकाश की गतिविधियों से भरा-पूरा है। इस वर्ष साउथ बैंक में एक एशियाई पॉप सँस्कृति समर पार्टी आयोजित की जाएगी, और साथ ही साथ सनीबैंक और इनाला में भोजन के उत्सवों में आपके लिए स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध रहेंगे।

ब्रिसएशिया पूरे परिवार के लिए एक बेहतरीन कार्यक्रम है और यह अनेकानेक प्रकार की एशियाई कलाओं और साँस्कृतिक आयोजनों, कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से ब्रिस्बेन की विविधता को दर्शाता है।

घटनाओं और गतिविधियों का पूरा कार्यक्रम जनवरी में काउंसिल की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

ब्रिस्बेन का सबसे नया अवकाश गंतव्य

स्टोरी ब्रिज के नीचे स्थित हॉवर्ड स्मिथ व्हार्व्स जल्द ही हमारे शहर का नया मनोरंजन और जीवनशैली गंतव्य बन जाएगा।

कई दशकों के लिए इस स्थान का उपयोग नहीं किया गया था, परंतु काउंसिल ने 3.43 हेक्टेयर के माप की ज़मीन को नदी-किनारे स्थित एक जीवंत स्थल में बदलने के लिए एक व्यापक आकलन प्रक्रिया शुरू की और वर्ष 2016 में $11 करोड़ की पुनर्निमाण परियोजना के लिए सफल निविदा की घोषणा की।

वर्तमान समय से लेकर वर्ष 2019 के बीच कई चरणों में खोले जाने वाले हॉवर्ड स्मिथ व्हार्व्स में पार्कलैंड और आउटडोर एम्फिथिएटर सहित नए सार्वजनिक स्थान और तीन नए रेस्तराँ (ग्रीका, टोको ब्रिस्बेन, और स्टेनली रेस्तराँ और बार) उपलब्ध होंगे। साथ ही साथ इन स्थानों पर नदी-किनारे स्थित मनमोहक भोजन-स्थल (फेलन्स ब्रूइंग कं. और मि. पर्सिवाल नाम का पानी के ऊपर स्थित एक बार) भी उपलब्ध होगा।

नदी-किनारे स्थित होने के कारण हॉवर्ड स्मिथ व्हार्व्स सार्वजनिक परिवहन से सुलभ है, और वर्ष 2020 में इस स्थान पर एक नया नौका टर्मिनल भी खोले जाने की उम्मीद है। बोवन टेरेस और विल्सन आउटलुक रिज़र्व में नई लिफ्टें उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग करके पहाड़ियों की चोटियों तक ऊपर पहुँचा जा सकता है।

आयोजन

8 दिसंबर - लॉर्ड मेयर के क्रिसमस कैरल्स - रिवरस्टेज, सिटी बोटैनिक गार्डन्स, दोपहर के 4 बजे - रात के 9 बजे, वेबसाइट **brisbane.qld.gov.au** देखें।

8 दिसंबर - पार्क में दक्षिण प्रशाँत द्वीपवासी क्रिसमस - मलबीम पार्क, बूँडल, सुबह के 10 बजे - शाम के 5 बजे, वेबसाइट **brisbane.qld.gov.au** देखें।

9 दिसंबर - नगर में हनुक्का - रेड्डाक्लिफ प्लेस, ब्रिस्बेन सीबीडी, दोपहर के 4 बजे - रात के 8 बजे, वेबसाइट **chabadchristmas.com** देखें।

16 दिसंबर - पेरोल फेस्टिवल सा ब्रिस्बेन - सनपैक, सनीबैंक, सुबह के 11 बजे - शाम के 5 बजे, वेबसाइट **eventbrite.com.au** देखें।

27 दिसंबर - 6 जनवरी - पोलिश दृश्य और प्रदर्शन कलाएँ उत्सव - ब्रिस्बेन में विभिन्न स्थान, वेबसाइट **polart2018.com.au** देखें।

30 दिसंबर - 6 जनवरी - ब्रिस्बेन अंतर्राष्ट्रीय - क्वींसलैंड टेनिस सेंटर, टेनीसन, वेबसाइट **brisbaneinternational.com.au** देखें।

11 और 18 जनवरी - लॉर्ड मेयर के बाल रंगमंच - सनपैक, सनीबैंक, अलग-अलग समय, वेबसाइट **brisbane.qld.gov.au** देखें।

24-28 जनवरी - ब्रिस्बेन डोमेन डे-नाइट टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया और श्री लंका के बीच - द गब्बा, दोपहर के 1 बजे, वेबसाइट **premier.ticketek.com.au** देखें।

चंद्र नव वर्ष की शुभकामनाएँ!

चायनाटाउन मॉल चंद्र नव वर्ष का एलान करने के लिए शनिवार 9 फरवरी और रविवार 10 फरवरी को लाल और सुनहरे रंगों में बदल जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में भाग लें और सिंह और ड्रेगन नर्तकों को देखें, बाज़ार के स्टॉल देखें और स्वादिष्ट भोजन की दावत उड़ाएँ। हमारे नगर की साँस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाली अनेकानेक एशियाई देशों से इंटरएक्टिव कार्यशालाएँ और संगीत भी प्रस्तुत किए जाएँगे।
वेबसाइट **myvalley.com.au** देखें।

अनुदान के साथ रचना और संरक्षण करें

कलाकार, चित्रकार, रचनाकार और इतिहास-प्रेमी अधिकतम $20,000 के मूल्य के कई अलग-अलग अनुदानों के लिए आवेदन कर सकते हैं। क्रिएटिव स्पार्क्स अनुदान कार्यक्रम और लॉर्ड मेयर की युवा और उभरते कलाकार फेलोशिप्स के लिए आवेदन 29 जनवरी को समाप्त होंगे। ब्रिस्बेन इतिहास अनुदान और नवाचार अनुदान कार्यक्रम 4 फरवरी को समाप्त होंगे। हमारी वेबसाइट पर 'grants' की खोज करें।

डायरी नोट: 2019एपीसीएस

7-10 जुलाई के बीच ब्रिस्बेन में एशिया प्रशाँत नगर सम्मेलन (2019एपीसीएस) और मेयर्स फोरम में 1500 से भी अधिक व्यवसायों और सरकारी अग्रणियों से मिलने के लिए पंजीकरण कराएँ। स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय संबंध बनाने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए 2019एपीसीएस एक बेहतरीन मंच है। वेबसाइट **apcsummit.org** पर अभी पंजीकरण कराएँ।

Brisbane City Council
GPO Box 1434, Brisbane Qld 4001

NATIONAL CARBON OFFSET STANDARD CARBON NEUTRAL ORGANISATION

brisbane
australia's new world city

NEWSLETTER SIGN-UP

यह सुनिश्चित करने के लिए हर प्रयास किया जाता है कि मुद्रण के समय सूचना सही है

brisbane.qld.gov.au
3403 8888
/BrisbaneCityCouncil
@brisbanecityqld
@brisbanecitycouncil

CA18-24878-08-3826
© Brisbane City Council 2018